# विल्फ्रेड हॉफमैन, जर्मन सोशल साइंटिस्ट और राजनयिक (2 का भाग 1)

**रेटिंग:**

**विवरण:**

**श्रेणी:** लेख नए मुसलमानों की कहानियां व्यक्तित्व

**द्वारा:** Wilfried Hofmann

**पर प्रकाशित:** 04 Nov 2021

**अंतिम बार संशोधित:** 04 Nov 2021

पीएचडी (कानून) हार्वर्ड। जर्मन सामाजिक वैज्ञानिक और राजनयिक। 1980 में इस्लाम अपनाया।

1980 में इस्लाम स्वीकार करने वाले डॉ. हॉफमैन का जन्म 1931 में जर्मनी में कैथोलिक के रूप में हुआ था। उन्होंने न्यूयॉर्क के यूनियन कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और म्यूनिख विश्वविद्यालय में अपनी कानूनी पढ़ाई पूरी की, जहाँ उन्होंने 1957 में न्यायशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की।

वह संघीय नागरिक प्रक्रिया में सुधार के लिए एक शोध सहायक बन गए, और 1960 में हार्वर्ड लॉ स्कूल से एलएलएम डिग्री प्राप्त किया। वह 1983 से 1987 तक ब्रसेल्स में नाटो के लिए सूचना निदेशक थे। उन्हें 1987 में अल्जीरिया में जर्मन राजदूत और फिर 1990 में मोरक्को में तैनात किया गया था जहाँ उन्होंने चार साल तक नौकरी की। उन्होंने 1982 में उमराह (छोटा तीर्थयात्रा) और 1992 में हज (तीर्थयात्रा) की।

कई प्रमुख अनुभवों ने डॉ. हॉफमैन को इस्लाम की ओर अग्रसर किया। इनमें से पहला 1961 में शुरू हुआ जब उन्हें जर्मन दूतावास में विशेष दायित्व अधिकारी के रूप में अल्जीरिया में तैनात किया गया था और फ्रांसीसी सैनिकों और अल्जीरियाई नेशनल फ्रंट जो पिछले आठ वर्षों से अल्जीरियाई स्वतंत्रता के लिए लड़ रहे थे, उन्होंने खुद को उनके युद्ध के बीच पाया। वहां उन्होंने क्रूरता और नरसंहार देखा जो अल्जीरियाई आबादी ने सहन किया। हर दिन, लगभग एक दर्जन लोग मारे जाते - "नजदीकी सीमा,

नष्पिादन-शैली" - केवल अरब का होने या स्वतंत्रता के लिए बोलने के लिए। "मैंने अल्जीरियाई लोगों के धैर्य और लचीलेपन को अत्यधिक पीड़ा, रमज़ान के दौरान उनके अत्यधिक अनुशासन, जीत के उनके आत्मविश्वास, साथ ही दुख के बीच उनकी मानवता देखा।" उन्होंने महसूस किया कि यह उन लोगों का धर्म है जिसने उन्हें ऐसा बनाया है, और इसलिए, उन्होंने उनकी धार्मिक पुस्तक - क़ुरआन का अध्ययन करना शुरू कर दिया। "मैं आज तक इसे पढ़ रहा हूं।"

डॉ. हॉफमैन की इस्लाम की यात्रा में इस्लामी कला उनका दूसरा अनुभव था। उन्हें अपने प्रारंभिक जीवन से ही कला और सौंदर्य और बैले नृत्य का शौक रहा है। जब उन्हें इस्लामी कला का ज्ञान हुआ, तो वो सब इसके सामने फीके पड़ गए, इससे वह आकर्षित हुए। इस्लामी कला का जिक्र करते हुए वे कहते हैं: "ऐसा लगता है कि इसका रहस्य इस्लाम की सभी कलात्मक अभिव्यक्तियों, सुलेख, अरबी गहने, कालीन के डिजाईन, मस्जिद और आवास वास्तुकला, साथ ही शहरी नियोजन में इस्लाम की अंतरंग और सार्वभौमिक उपस्थिति में निहित है। मैं उन मस्जिदों की चमक के बारे में उनके स्थापत्य लेआउट की लोकतांत्रिक भावना के बारे मे सोच रहा हूं जो किसी भी रहस्यवाद को निर्वासित करती हैं।"

"मैं मुस्लिम महलों की अंतर्दर्शनात्मक गुणवत्ता के बारे में भी सोच रहा हूं, छाया, फव्वारे और नाले से भरे बगीचों में स्वर्ग की उनकी प्रत्याशा; पुराने इस्लामी शहरी केंद्रों (मदीना) की जटिल सामाजिक रूप से कार्यात्मक संरचना की, जो समुदाय की भावना और बाजार की पारदर्शिता को बढ़ावा देता है, गर्मी और हवा को संचालित करता है, और गरीबों के लिए मस्जिद और आसपास के कल्याण केंद्र, स्कूलों और छात्रावासों को बाजार और रहने वाले स्थानों में एकीकृत करता है। मैंने जो अनुभव किया वह बहुत सारे स्थानों पर इतना आनंदमय इस्लामी है ... वह मूर्त प्रभाव है जो इस्लामी सद्भाव, जीवन जीने का इस्लामी तरीके को दिल और दिमाग दोनों पर छोड़ता है।"

शायद इन सब से अधिक, जिसने सच्चाई की उनकी खोज पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाला, वह था उनका ईसाई इतिहास और सिद्धांतों का संपूर्ण ज्ञान। उन्होंने महसूस किया कि एक विश्वासयोग्य ईसाई जो विश्वास करता है और जो विश्ववविद्यालय में इतिहास का एक प्रोफेसर पढ़ाता है, उसके बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है। वह विशेष रूप से चर्च द्वारा ऐतिहासिक यीशु के लिए सेंट पॉल द्वारा स्थापित सिद्धांतों को अपनाने से परेशान थे। "वह, जो यीशु से कभी नहीं मिला, उसने अपने चरम क्राइस्टोलॉजी के साथ यीशु के मूल और सही यहूदी-ईसाई दृष्टिकोण को बदल दिया!"

उन्होंने यह स्वीकार नहीं किया कि मानवजाति "मूल पाप" के बोझ तले दबी है और यह कि ईश्वर को अपने स्वयं के पुत्र को क्रूस पर प्रताड़ित और उसकी हत्या करवानी पड़ी ताकि वह अपनी कृतियों को बचा सके। "मैंने महसूस करना शुरू कर दिया कि यह कल्पना करना कितना भद्दा, यहां तक कि

ईशनिंदा है कि ईश्वर अपनी रचना में योग्य नही थे; कि वह कथित रूप से आदम और हव्वा द्वारा उत्पन्न हुई आपदा के बारे में कुछ भी करने में असमर्थ थे, और एक पुत्र को सिर्फ इसलिए जन्म दिया कि खूनी तरीके से उसका बलिदान कर सके; और ईश्वर मानवजाति और अपनी सृष्टि के लिए खुद दुख उठाए।"

वह ईश्वर के अस्तित्व के मूल प्रश्न पर वापस चले गए। विट्गेन्स्टाइन, पास्कल, स्विनबर्न और कांट जैसे दार्शनिकों के कार्यों का विश्लेषण करने के बाद, उन्हें ईश्वर के अस्तित्व का बौद्धिक विश्वास आया। उनके सामने अगला तार्किक प्रश्न यह था कि ईश्वर मनुष्यों से कैसे संचार करता है ताकि उनका मार्गदर्शन किया जा सके। इसने उन्हें रहस्योद्घाटन की आवश्यकता को स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया। लेकिन सच्चाई क्या है - यहूदी-ईसाई धर्मग्रंथ या इस्लाम?

उन्होंने इस प्रश्न का उत्तर अपने तीसरे महत्वपूर्ण अनुभव में पाया जब उन्हें क़ुरआन का निम्नलिखित छंद मिला: इस छंद ने उनकी आँखें खोल दीं और उनकी दुविधा का उत्तर दिया। इस छंद ने उनके लिए स्पष्ट रूप से "मूल पाप" के बोझ और संतों द्वारा "मध्यस्थता" के विचारों को खारिज कर दिया। "मुसलमान ऐसी दुनिया में रहता है जहां पादरी नहीं हैं और धार्मिक पदानुक्रम नहीं है"; जब वह प्रार्थना करता है तो वह यीशु, मरियम या अन्य मध्यस्थ संतों के द्वारा नहीं, बल्कि सीधे ईश्वर से प्रार्थना करता है – पूरी तरह से मुक्त आस्तिक के रूप में – और यह रहस्यों से मुक्त धर्म है।" हॉफमैन के अनुसार, "मुस्लिम सर्वोत्कृष्ट मुक्त आस्तिक होता है।"

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/124

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।